R.N.I. No. DELHIN/2004/13308 डाक पंजीयन संख्या DL (N) 06/0052/05

श्री बाबोसा देवाय नमः



# बाबोसा दर्शन

समर्पण, संगठन और समाचारों का मासिक संगम

वर्ष : 13 अंक : 11-12 मई-जून 2017 मूल्य : 10/- प्रति

# गुवाहाटी में त्रि-दिवसीय कार्यक्रमों की धूम

## विशाल भजन संध्या ✲ आमने-सामने ✲ मंदिरों में कार्यक्रम



गुवाहाटी, परम आराधिका मंजु बाईसा के सान्निध्य में श्री बाबोसा भगवान का 17 वाँ वार्षिक उत्सव उल्लास और उमंग के साथ संपन्न हुआ।

मुख्य कार्यक्रम दिनांक 21-5-2017 रविवार को गुवाहाटी गौशाला के विशाल प्रांगण में आयोजित किया गया। यहाँ हमेशा की तरह भव्य पंडाल बनाया गया, जिसमें श्री बाबोसा भगवान का मनमोहक दरबार सजाया गया था। परम श्रद्धेय श्री प्रकाश भाई जी लगभग 10.30 बजे पंडाल में पधार गये। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन करते हुए ज्योत प्रज्जवलित की। ज्योत प्रज्ज्वलन के पश्चात् श्री मनोज पांडे ने पावन गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने माताजी, बालाजी व बाबोसा भगवान के कई मधुर भजन पेश कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। इस अवसर पर बहन संतोष शर्मा ने भी एक मधुर भजन प्रस्तुत किया।

तदुपरांत श्री मुकेश बागाड़ा, जयपुर को भजनामृत के लिये आमंत्रित किया गया। उन्होंने 2 भजन प्रस्तुत किये ही थे कि परम आराधिका मंजु बाईसा का पंडाल में पर्दापण हो गया। सभी भक्त उनके स्वागत में



अपने-अपने स्थान पर खड़े हो गये। बाबोसा महिला परिवार की संयोजिका बहन संतोष शर्मा के नेतृत्व में 21 महिला भक्तों ने फूलों से बाईसा का स्वागत किया। बी.सी.एफ. के कार्यकर्ता बाईसा को दरबार तक लेकर

शेष पृष्ठ 2 पर

# गुवाहटी कार्यक्रम के कुछ दृश्य

पृष्ठ 1 का शेष

आये। बाईसा भक्तों का अभिवादन स्वीकार करती हुई दरबार में पधार गईं। उन्होंने अपना आसन ग्रहण करते हुए सर्वप्रथम ज्योत में घृताहुति दी। श्री मुकेश बागड़ा ने भजनामृत वर्षा पुनः प्रारंभ कर दी। चंद भजनों के दौरान ही बाईसा ध्यानस्थ हो गईं। और फिर शुरू हुआ श्री बाबोसा भगवान







के अह्वान का दौर। भजनों की श्रृंखला बढ़ती गई और इसी बढ़ती हुई श्रृंखला में तीव्र गति से घोटा घुमाते हुए पहले उन्होंने अपने दिव्य दर्शन दिये एवं तत्पश्चात् वरद् हस्त उठा कर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। श्री अजय बैद ने श्री बाबोसा भगवान की महिमा–गान करते हुए सभी भक्तों









की तरफ से उनकी कृपा के लिये आभार व्यक्त किया।

इसी दौरान भजनों का सिलसिला फिर प्रारंभ हुआ। श्री मनोज पांडे, अजय बैद एवं जरनैल सिंह ने कई देर तक भजनों का कार्यक्रम चलाया क्योंकि तांती ग्रहण करने के लिये हजारों भक्त कतार में लगे हुए थे। कई भक्त अभी भी पंडाल में बैठकर भजनों का आनंद उठाना चहते थे।

अंत में श्रृंगारिक आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ, एवं भक्तों ने विशाल भंडारा ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में दूर–दूर से भक्त दर्शन करने आये थे। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, सिलीगुड़ी, शिलोंग, कटिहार, अलीपुर दुआर, तेजपुर, इस्लामपुर, पांजीपाड़ा, विराटनगर (नेपाल) इत्यादि अनेक स्थानों के भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री गजराज सुराणा, सुनील सेठिया, ओमजी लोहिया, राजेश सरावगी, अजय जैन, मिलाप बोथरा, जशकरण प्रजापति, सुनील खेमका, धर्मचंद पारख, मनोज शर्मा, प्रतीक पारख, योगेंद्र डागा, प्रवीण सुराना व BCF का महत्त्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

इसके पूर्व 20 ता॰ को सांय दिल्ली से गुवाहाटी पहुंचने पर बाईसा एवं परम श्रद्धेय श्री प्रकाश भाई जी का गुवाहाटी के भक्तों ने असम के पारंपारिक "गमछा" एवं फूलों से हार्दिक स्वागत किया। एयरपोर्ट से बाईसा सीधे तेरांपथ भवन पधारी, जहां आमने–सामने कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यहाँ काफी भक्त बाईसा से व्यक्तिगत रूप से मिल कर अपनी समस्याओं का सामाधान पाकर लाभान्वित हुए।

दिनांक 21 ता॰ को प्रातः लगभग 9 बजे सर्वप्रथम श्री शिव बालाजी बाबोसा मंदिर, 3 नं गेट में परम आराधिका मंजु बाईसा के सान्निध्य में आरती का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सैंकड़ों भक्त शामिल हुए। मंदिर के निर्माण में श्री संपत मल सुनील सेठिया का विशेष योगदान रहा था। आरती के पश्चात् सभी भक्त श्री सेठिया जी के निवास स्थान पर पहुंचे जहां सत्कार हेतु भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई थी।

यहाँ से बाईसा माँ काली बालाजी बाबोसा मंदिर पधारी। यहां आरती के पश्चात् भजनों का कार्यक्रम भी रख गया था। बहन संतोष शर्मा एवं अजय बैद ने कई मधुर भजन प्रस्तुत कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। ज्ञातव्य है कि इस मंदिर के निर्माण में श्री तेजकरण राकेश दूगड़ का विरोष सहयोग प्राप्त हुआ था।

यहाँ कार्यक्रम के पश्चात् दोपहर लगभग 1 बजे बाईसा श्री जयकुमार जैन के निवास स्थान पधारीं। श्री जैन ने आज बाईसा के द्वारा नये आवास पर गृह प्रवेश का कार्यक्रम रखा। यहां आरती के पश्चात् अजय बैद एवं संतोष शर्मा ने कई भजन प्रस्तुत किये। गृह प्रवेश के मद्देनजर इस अवसर के विशेष भजनों पर परिवार वालों ने झूमते हुए नृत्य किया।

इस प्रकार गुवाहाटी के त्रि–दिवसीय कार्यक्रम के पश्चात् बाईसा ने रात को पुनः दिल्ली के लिये प्रस्थान किया।

## बाबोसा संदेश का प्रकाशन




गुवाहाटी यहाँ के भक्त श्री बाबोसा भगवान के कार्यक्रमों हेतु सदैव नई–नई कल्पनाएं करते रहते हैं। इस बार 17 वें वार्षिकोत्सव के कार्ड को उन्होंने एक लघु–पत्रिका का रूप दिया, जिसका नाम रखा गया "**बाबोसा संदेश**" इस में पूर्वोत्तर भारत में आयोजित कार्यक्रमों की विशेष जानकारी दी गई। भक्तमंडल का यह प्रयास सराहनीय है। बाबोसा दर्शन परिवार इसके उद्देश्य की सफलता हेतु हार्दिक शुभकामना प्रेषित करता है।

# पूरे देश में 5.25 करोड़ ऊँ बाबोसा महामंत्र का जाप, माँ की अराधना के साथ मनाया गया नवरात्रि पर्व

दिल्ली – 5 अप्रैल 2014, श्री बालाजी बाबोसा मंदिर, बाबोसा सिटी में ऊँ बाबोसा महामंत्र के करोड़ों जाप के साथ नवरात्रि पर्व संपन्न हुए। परम आराधिका मंजु बाईसा के सान्निध्य में 28 मार्च से नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो गये। मंदिर में श्री बाबोसा भगवान की अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई। तत्पश्चात् मातारानी की विशेष आरती एवं भजनों का दौर चला। यह दौर नो दिनों तक निरंतर सुबह व शाम, दोनों टाइम चलता रहा।

इस दौरान पंचमी को सैकड़ों भक्तों ने दर्शन किये। लेकिन मुख्य कार्यक्रम नवमी के दिन आयोजित हुआ। भक्तों में इस दिन अखंड ज्योत का तेज ग्रहण करते हुए प॰ आ॰ मंजु बाईसा से अखंड खजाना ग्रहण किया।



पूरे नौ दिनों तक मंदिर में सुबह–शाम सैकड़ों भक्त ऊँ बाबोसा महामंत्र की मालायें फेरते देखे गये। भक्तों में जाप के प्रति एक अलग प्रकार का ही जुनून था। बच्चे, बुजुर्ग, जवान, महिला, पुरुष हर कोई जाप में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा था। नवरात्रि के दौरान 3 बार बाबोसा भगवान ने कृपा बरसते हुए भक्तों को दर्शन और आशीर्वाद का सौभाग्य प्रदान करवाया। अरूण सुराणा, अजय बैद, दीपक दूगड़, भरत छाजेड़ बहन आशु जिंदल इत्यादि भक्तों ने प्रतिदिन भजन सरिता प्रवाहित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।


इसके अतिरिक्त देश के कई अन्य मंदिरों में बाबोसा भक्तों द्वारा नवरात्रि पर्व आयोजित किये गये जिनकी कुछ झलकियां हम यहाँ प्रस्तुत कर रहे हैं।







## गणगौर

नवरात्रि पर्व में परम आरधिका मंजु बाईसा के सान्निध्य में राजस्थान का प्रमुख त्योहार गणगौर धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व की कुछ मनमोहक तस्वीरें–








# हनुमान जयंती के उपलक्ष में विशाल भजन संध्या





दिल्ली 10 अप्रैल, आज हनुमान जयंती की पूर्व संध्या पर श्री शिव बालाजी बाबोसा मंदिर, मुंडका के समक्ष विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। सायं लगभग 10 बजे परम आराधिका मंजु बाईसा के आयोजन स्थल पर पधारने पर भक्तों ने उनका जोरदार स्वागत किया। परम श्रद्धेय श्री प्रकाश भाईजी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के समय मंदिर समिति के प्रधान श्री महावीर जी सैनी विशेष रूप से समय उपस्थित थे।

श्री भरत छाजेड़ ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज करते हुए हनुमान जी एवं बाबोसा भगवान के कई भजन प्रस्तुत किये। तत्पश्चात् श्री दीपक दूगड़ ने हनुमान जी का एक जोशीला भजन प्रस्तुत किया। उन्होंने बाबोसा भगवान के भी कई मधुर भजन प्रस्तुत किये। भजनों की मस्ती पर भक्तों मे झूम कर नृत्य करते हुए आनंद उठाया। इस अवसर पर भजन गायिका राजबाला एंड पार्टी ने भी कई मधुर भजन प्रस्तुत किये।






I OM BABOSA I


●Floors ●Plots ●Kothies

Special Consideration for Babosa Bhakts

A Trusted Name in Real Estate

Arihant Jain

BALA JI BABOSA ASSOCIATES

Builders & Properties Consultants

53,G.F. Pocket-21, Sector-24, Rohini, Delhi-85
Ph. : 011-27932153 (M) 9350267071, 9711434421
E-mail : arihant_193@rediffmail.com

# बाबोसा मंदिर में हनुमान जयंती का विशाल कार्यक्रम
# भक्तों द्वारा शिकंजी सेवा ✵ विशेष लड्डु का भोग

दिल्ली–11 अप्रैल आज यहाँ परम आराधिका मंजु बाईसा के सान्निध्य में हनुमान जयंती का विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम प्रातः 9.15 बजे बाबोसा चौक पर विशाल शिकंजी सेवा आयोजित की गई। यह शिकंजी भक्तों ने अपने हाथों से तैयार की थी। 1 रात पूर्व ही सैकड़ों, भक्तों ने बाबोसा सिटी में अपने हाथों में नींबू का रस निकाल कर घोल तैयार किया।

शिकंजी सेवा का उद्‌घाटन बाईसा ने अपने हाथों से भक्तों को शिकंजी पिला कर दिया। यह सेवा लगभग 2 बजे तक चलाई गई। जिसमें आने–जाने वाले हजारों व्यक्तियों को शिकंजी पान करवाया गया।

शाम को मंदिर में श्री हनुमान जी की मूर्ति का विशेष श्रृंगार किया गया। परम श्रद्धेय प्रकाश भाई जी के सान्निध्य में विशेष आरती का आयोजन किया गया। तत्पश्चात् सैकड़ों भक्तों ने विशेष रूप से निर्मित लड्डु का भोग लगाया। इस अवसर पर मधुर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। श्री अजय बैद, दीपक दूगड़, भरत छाजेड़ एवं बहन आशु जिंदल ने हनुमान जी एवं बाबोसा भगवान के भजनों से माहौल को हनुमान–मय बना दिया। हजारों भक्तों ने आज मंदिर में दर्शन किये। सायं 4.30 बजे से भक्तों का आगमन प्रारंभ हो गया, जो रात्रि 10 बजे तक लगातार चलता रहा कार्यक्रम में अंत में विशाल भंडारा आयोजित किया गया।




















श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः

# विभिन्न मंदिरों में हनुमान जंयती के कुछ दृश्य






## सिलीगुड़ी







## फाजिल्का (पंजाब)








# विभिन्न मंदिरों में हनुमान जंयती के कुछ दृश्य

## इस्लामपुर









## अलीपुरद्वार










BAGHBAN BABOSA

JAI SHREE BABOSA

**BAGHBAN BABOSA**

**(UNIT OF CAPITAL CARPET EXIM PVT.LTD.)**

**PRASAN KUMAR ADITYA BHUTORIA**

**THE WORLD OF FURNISHINGS & FLOORINGS**



**CURTAINS | SOFA CLOTH | BEDSHEETS | BED & BATH ACCESSORIES**

**BLINDS | SHOW PIECES | CROCKERY | CARPETS & MATS**

61, Harsh Vihar, Pitampura, Near Canara Bank, Delhi-34


Ph.: 011-27013405-04-03 E-mail : info@bbfurnishing.com

Website : www.bbfurnishing.com

# विभिन्न मंदिरों में हनुमान जंयती की कुछ दृश्य

## इस्लामपुर









## अलीपुरद्वार









BAGHBAN BABOSA

JAI SHREE BABOSA

**BAGHBAN BABOSA**

**(UNIT OF CAPITAL CARPET EXIM PVT.LTD.)**

**PRASAN KUMAR ADITYA BHUTORIA**

**THE WORLD OF FURNISHINGS & FLOORINGS**



**CURTAINS | SOFA CLOTH | BEDSHEETS | BED & BATH ACCESSORIES**

**BLINDS | SHOW PIECES | CROCKERY | CARPETS & MATS**

61, Harsh Vihar, Pitampura, Near Canara Bank, Delhi-34

Ph.: 011-27013405-04-03 E-mail : info@bbfurnishing.com

Website : www.bbfurnishing.com

# प्रथम मंदिर स्थापना दिवस पर भजन व कीर्तन







गुवाहाटी मे तीन नं रेलवे गेट स्थित श्री शिव बालाजी बाबोसा मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर भजन कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया। बी सी एफ द्वारा पूरे दिन शिकंजी सेवा भी दी गई। कीर्तन का आरंभ गजराज जी सुराणा द्वारा श्री बाबोसा भगवान की पावन जयोत प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में भजन गायक जरनैल सिंह ने बहुत ही सुन्दर भजन सुनाये। जसकरण प्रजापत ने भी भजनों द्वारा दरबार में अपनी हजारी लगाई। भक्तगण भी भजनों पर खुद झूम–झूम कर नाचे। कार्यक्रम का समापन बाबोसा भगवान की आरती के साथ किया गया और आरती के पश्चात् भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# पौत्री के जन्मदिवस पर भजन संध्या







दिल्ली 21 मई, आज श्री जयप्रकाश–नीलम अग्रवाल ने पौत्री प्राप्ति के शुभप्रसंम पर श्री बाबोसा भगवान का मधुर कीर्तन आयोजित किया।

रोहिणी के आशीर्वाद बैंकेट में आयोजित इस भजन संध्या में मनभावन दरबार सजाया गया। जिसमें श्री बाबोसा भगवान की चितावर्षक प्रतिमा बहुत प्यारी लग रही थी।

सायं लगभग 8 बजे परम श्रद्धेय श्री प्रकाश भाई जी ने दरबार में पधारकर दीप व ज्योत प्रज्ज्वलन किया। तपुपरांत श्री भरत छाजेड़ ने गणेश वंदना से कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए माता जी, बालाजी एवं बाबोसा भगवान के कई मधुर भजन प्रस्तुत किये। इसी दौरान प. आ. मंजु बाईसा का दरबार में पदार्पण हुआ। पारिवारिक जनों एवं भक्तों ने बाईसा का भव्य स्वागत किया। "महिमा तुम्हारी अपरंपार हे मंजु बाईसा" की स्वर लहरी पर बाईसा ने दरबार में पधार कर अपना आसन ग्रहण किया।

अब श्री अजय बैद ने भजनों की कमान सम्हालते हुए कई आह्वान प्रधान भजन पुस्तुत किये। परिवार की भावना को देखते हुए बाबोसा भगवान ने करुणा बरसाते हुए अपने दिव्य दर्शन प्रदान किये तो सभी भक्त खुशी से झूम उठे। दर्शन के पश्चात केक काट कर पौत्री का जन्म दिन भी अति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

अंत में श्रृंगारिक आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया और सभी भक्तों ने भंडारा ग्रहण किया।

## बाबोसा दर्शन ऑन लाईन

भक्तों की सुविधा हेतु अब बाबोसा दर्शन ऑनलाइन भी उपलब्ध रहेगा। इसके लिये आप




www.babosadarshan.com पर log on करें।

श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः

# फिर सौभाग्य मिला भजनामृत वर्षा का

फाजिल्का, आज का दिन फाजिल्का के लिये फिर स्वर्णिम प्रभात लेकर आया क्योंकि कुछ महिनों पूर्व यहाँ एक भव्य मंदिर का लोकार्पण हुआ था। और आज फिर यहाँ परम आराधिका मंजु बाईसा के सान्निध्य में उसी मंदिर प्रारंगण में एक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। सायं लगभग 7 बजे मंदिर में आरती के पश्चात् भजन संध्या का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

ज्योत प्रज्ज्वलन के पश्चात् श्री दीपक दूगड़ ने गणेश वंदना गाते हुए, वीर बजरंगवली का जोशीला भजन प्रस्तुत किया। इसके बाद उन्होंने श्री बाबोसा भगवान के कई मधुर भजन प्रस्तुत किये। इस दौरान आगंतुक विशिष्ट जनों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।







फाजिल्का: श्री बाला जी बाबोसा मंदिर में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाईसा, सिद्ध श्री हनुमान मंदिर के प्रधान दविंदर सचदेवा, अर्जन कुक्कड़ व अन्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लीलाधर शर्मा के निवास पर उनके पारिवारिक सदस्यों से भेंट करते हुये।



जागरण सिटी

फिरोजपुर/फाजिल्का/अबोहर

## भजन संध्या में बही भक्ति रसधारा

फाजिल्का के बीकानेरी मार्ग स्थित श्री सनातन धर्म बावड़ी सभा में भजन संध्या का आयोजन



फिरोजपुर. फाजिल्का . जलाला

## फाजिल्का के श्री बाला जी बाबोसा मंदिर में भजन संध्या करवाई

दिल्ली से आई मंजू बाईसा ने किया प्रभु का गुणगान, भजनों पर रात भर झूमे श्रद्धालु

# बरपेटा कार्यक्रम के कुछ दृश्य



## बरपेटारोड में श्री बाबोसा महाराज का कीर्तन सोल्लास संपन्न

▲ विशेष संवाददाता

बरपेटारोड, 12 जून। स्थानीय श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी प्रांगण में श्री बाबोसा महाराज का कीर्तन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। शाम 6 बजे से बाबोसा महाराज की मूर्ति के समक्ष विधिवत पूजन करके ज्योत प्रज्वलित हुई। आज के कीर्तन में श्री बाबोसा महाराज का दरबार, अलौकिक शृंगार किया गया। दरबार देखकर ऐसा सभी को महसूस हो रहा था कि श्री बाबोसा महाराज (बालाजी का रूप) बरपेटारोड के दरबार में आ गए हैं। जयकारों के साथ पंडाल गुंजायमान हो गया। गुवाहाटी से आमंत्रित गायिका तथा मारवाड़ी युवा मंच पूर्वोत्तर की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती संतोष शर्मा तथा गायक जगदीश महतो, सुनील ठाकुर तथा स्थानीय गायक पवन शर्मा ने मिलकर भजनों की अमृतवर्षा की।

जब श्रीमती संतोष शर्मा और जगदीश महतो भजन गा रहे थे तो भक्त नाचने-कूदने पर मजबूर हो गए। उपस्थित सैकड़ों लोग भजनों का आनंद ले रहे थे। इसी बीच श्री बाबोसा भक्त मंडल (चूरूधाम) गुवाहाटी ने स्थानीय भक्तों तथा बरपेटारोड की विभिन्न समितियों के पदाधिकारीगण का बाबोसा महाराज की फोटो, माला, तिलक लगाकर स्वागत किया। श्री बाबोसा भक्त गजराज सुराणा ने दरबार में बाबोसा की आरती की। ज्योत प्रज्वलन पर राजू देवी सुराणा (बाबोसा की भक्त) पूरे कीर्तन में ज्योत दे रही थी। बरपेटारोड में संतोष शर्मा ने घोषणा की कि स्थानीय तथा सभी भक्तों के द्वारा बरपेटारोड में बाबोसा महाराज के मंदिर की स्थापना जल्द होगी। स्थानीय भक्तों में बजरंगलाल दुधोड़िया, पंकज शर्मा, मनोज बैद, शिवरतन राठी, राकेश धमानी, सुमित दुधोड़िया का विशेष सहयोग रहा।

श्रीमती संतोष शर्मा ने कीर्तन में लक्की ड्रॉ भी किया। उसमें प्रथम ज्योति शर्मा, द्वितीय मंजू बोथरा (हाउली), तृतीय मनीषा शर्मा रहीं। बरपेटारोड बाबोसा भक्त मंडल द्वारा आमंत्रित तथा बाबोसा के भक्त गजराज सुराणा का फुलाम गामोछा से श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी के अध्यक्ष गौरीशंकर खेमका ने स्वागत किया। श्रीमती शर्मा का स्वागत श्री राधाकिशन ठाकुरबाड़ी के मंत्री बासुदेव सारड़ा ने फुलाम गामोछा से किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज शर्मा ने किया। अंत में गुवाहाटी से आए सभी भक्तों तथा स्थानीय श्रद्धालुओं का तथा तेरापंथ युवक परिषद, मारवाड़ी युवा मंच को विशेष धन्यवाद दिया। कीर्तन के बाद भंडारा सभी लोगों ने ग्रहण किया। इस आशय की जानकारी अनिल बैद ने दी।








## 'दिव्य' चैनल पर आरती

श्री बाबोसा भगवान की मधुर पावन श्रृंगारिक आरती - दिव्य चैनल पर प्रतिदिन
प्रातः 6.25 एवं सायं 7.00 मिनट पर दिखाई जा रही है।
सभी भक्तों से निवेदन है कि इस प्रसारण का प्रतिदिन लाभ उठायें एवं
अन्य भक्तों को भी इसकी सूचना दें।

# पूर्वी दिल्ली में सजा विशाल जल दरबार


## भजनों पर झूम उठे भक्तगण

दिल्ली 1 मई, आज यहाँ गीता बाल भारती स्कूल के विशाल प्रांगण में भव्य बाबोसा भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन की






मुख्य जिम्मेदारी दिल्ली में बोलचाल की भाषा में यमुना पार कहे जाने वाले भक्तों ने उठाई। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में हजारों बाबोसा भक्तों का निवास है। मिंगसर महोत्सव के बाद यह दिल्ली का दूसरा सबसे बड़ा कार्यक्रम होता है।



इस बार यहाँ भी पानी के झरने का दरबार लगाया गया। दिल्ली की तपती हुई गर्म हवाओं के बीच जल की शीतल फुहारें न सिर्फ शारीरिक, अपितु मानसिक शीतलता भी प्रदान कर रही







थीं। सायं लगभग 8 बजे परम श्रद्धेय श्री प्रकाश भाई ने श्री बाबोसा भगवान की पावन प्रतिमा के समक्ष ज्योत व दीप प्रज्ज्वलित किये। तत्पश्चात् श्री राकेश चिंडालिया ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए माताजी, बालाजी एवं बाबोसा भगवान के कई मधुर भजन प्रस्तुत किये।

उनके बाद श्री मुकेश बागड़ा (जयपुर) को भजनों की अमृत वर्षा हेतु आमंत्रित किया गया। उन्होंने आते ही मधुर एवं जोशीले भजनों की





बरसात कर भक्ति रस की ऐसी अमृत वर्षा की, जिसमें स्नान कर सभी आप्लावित हो गए। जब उन्होंने अपना प्रथम भजन "जब से थामा है, तूने बाबोसा मेरा हाथ", "प्रस्तुत किया, उसी समय परम आराधिका मंजु बाईसा का दरबार में पदार्पण हुआ। मध्य–मार्ग के दोनों ओर खड़े भक्त समूह ने पुष्प वर्षा कर बाईसा का हार्दिक स्वागत किया। भक्तों पर अपना आशीर्वाद लुटाती, हुई बाईसा दरबार तक पहुंची और अपने आसन पर विराजमान हो गईं। श्री मुकेश बागड़ा ने भजनों का सिलसिला जारी रखते हुए "तेरे दरबार में सर झुकता रहूं, तू बुलाता रहे और मैं आता रहूं" "देखकर दरबार तेरा, मैं बड़ी मस्ती में हूं"।

"रखवाला प्रतिपाला मेरा बाबोसा चूरुवाला, मेरा बाबोसा आयेगा इत्यादि भजनों की कशिश में श्री बाबोसा भगवान ने प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाते हुए दिव्य दर्शन दिये। भक्तों ने उनके चरणों में नत–मस्तक होकर अपनी झोलियां फैला दी।

बाबोसा भगवान ने अपने वरद–हस्त उठा कर सभी भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया।

इसके पश्चात् भजनों का कार्यक्रम पुनः प्रारंभ हो गया। श्री मुकेश बगाड़ा के साथ–साथ राकेश चिंडालिया अरूण सुराणा, भरत छाजेड़ व दीपक दूगड़ ने भी भजनों के माध्यम से अपनी हाजरी लगाई। इसी दौरान भक्तों की लंबी कतारें लग गई तांती प्राप्त करने के लिये। बाईसा ने तांती बांटनी प्रारंभ कर दी। भक्तों ने दर्शन करते हुए बाईसा के कर–कमलों से तांती ग्रहण करते हुए भंडारा ग्रहण किया।

श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः श्री बाबोसा देवाय नमः

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रकाश कोठारी द्वारा श्री बालाजी बाबोसा मंदिर, बाबोसा सिटी, श्री बाबोसा मार्ग, सेक्टर-24, रोहिणी, दिल्ली-85 से प्रकाशित और कुमार आफसेट प्रिंटर्स, IX/1113, गांधी नगर, दिल्ली-110031 से मुद्रित।
संपादक - अजय वैद, S-24, परमपुरी चौक, द्वितीय तल, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 फोन-09868238035 E-mail : babosadarshan@gmail.com, www.babosamerebhagwan.com